माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर

उच्च माध्यमिक/माध्यमिक/वरिष्ठ उपाध्याय/प्रवेशिका/व्यावसायिक शिक्षा/आठवीं बोर्ड परीक्षा–2016 के विद्यालयों द्वारा ऑनलाईन सत्रांक भिजवाने बाबत्

बोर्ड द्वारा आयोजित वर्ष–2016 की विभिन्न परीक्षाओं के नियमित परीक्षार्थियों के सत्रांक ऑनलाईन भरने हेतु बोर्ड वेबसाईट दिनांक 25 फरवरी, 2016 से 25 मार्च, 2016 तक खुली रहेगी। **इसी अवधि के मध्य सभी विद्यालयों को अपने विद्यालय के नियमित परीक्षार्थियों के सत्रांक ऑनलाईन इंद्राज कर LOCK करना अनिवार्य है।** इस हेतु बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.nic.in पर बोर्ड परीक्षा–2016 के लिंक पर क्लिक करें। इसके पश्चात् सत्रांक भरने हेतु निम्न प्रक्रिया को अपनावें :–

1. सर्वप्रथम Login करने हेतु अपना School Code/Login ID एवं पासवर्ड देकर Login बटन को क्लिक करें।
2. अब आप जिस कक्षा (उच्च माध्यमिक/वरिष्ठ उपाध्याय/माध्यमिक/प्रवेशिका/व्यावसायिक शिक्षा/आठवीं बोर्ड) के सत्रांक भरना चाहते हैं, उस पर क्लिक करें।
3. **अब आपके सामने MAIN MENU है जिसमें Fill Sessional Marks, Print Check List, Updated Sessional Marks, Lock Sessional Marks एवं Print Sessional Marks के ऑप्शन है।**
4. Fill Sessional Mark ऑप्शन को क्लिक करें।
5. अब आप जिस विषय के सत्रांक भरना चाहते हैं, उस विषय को Select करें। Select करने के पश्चात् Proceed बटन को क्लिक करें।
6. अब Select किये गये विषय के सत्रांक भरें। सत्रांक में 0 (जीरो) अंक/अनुपस्थित/स्वअध्ययन/Not Applicable आदि भरने हेतु Activity वाले कॉलम में से संबंधित ऑप्शन चुने। ध्यान रहे कि सत्रांक भरने के पश्चात् Proceed बटन को क्लिक करें। इस प्रकार आपको सभी विषयों के सत्रांक भरने होंगे। Main Menu पर जाने के लियें Back बटन का उपयोग करें।
7. सभी विद्यार्थियों के सत्रांक भरने के पश्चात् Print Check List ऑप्शन से चैक लिस्ट प्रिन्ट कर सत्रांक की मूल प्रति से मिलान अवश्य कर लें। Main Menu पर जाने के लियें Back बटन का उपयोग करें।
8. चैक लिस्ट में कोई संशोधन हो तो Update Sessional Mark ऑप्शन का उपयोग करें। जिस विषय में संशोधन अपेक्षित है, उस विषय को Select कर संबंधित रोल नम्बर के अंक संशोधित करें, समस्त संशोधन के पश्चात् Proceed बटन क्लिक करें। इस बात का पूर्ण रूप से ध्यान रखा जावे कि **संशोधन एक बार ही किया जा सकेगा।**
9. समस्त संशोधन करने के पश्चात् Lock Sessional Mark बटन को क्लिक करें। अब जिस विषय के समस्त सत्रांक भर दिये गये हैं एवं संशोधन कर दिया गया है। उस विषय को Select करें एवं Proceed बटन दबाये, यहाँ ये विशेष रूप से ध्यान रखे कि संबंधित विषय के समस्त सत्रांक भर दिये गये हैं। **एक बार Lock करने के पश्चात् संबंधित विषय के सत्रांक में संशोधन सम्भव नहीं होगा।**

   विशेषः– विद्यालय द्वारा Sessional Mark जिस विषय के लॉक किये गये हैं, उन विषयों के सत्रांक का प्रिन्ट आउट **Print Sessional Mark** ऑप्शन से उसी दिन अर्थात् उसी दिनांक को ही प्रिन्ट करना अनिवार्य है अर्थात LOCK की गई दिनांक के पश्चात् प्रिन्ट की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

10. Lock किये गये सत्रांकों का फाईनल प्रिन्ट आउट लेने के लिये Print Sessional Mark ऑप्शन को क्लिक करें एवं सत्रांक प्रिन्ट करें। यहाँ यह ध्यान रहे कि सत्रांक वे ही मान्य होगें जो कि Print Sessional Mark ऑप्शन के द्वारा प्रिन्ट किये गये हैं। Main Menu पर जाने के लिये Back बटन का उपयोग करें।
11. विषय परिवर्तन की स्थिति में कम्प्यूटर पर ऑनलाईन किसी विषय विशेष में रोल नम्बर नहीं हो तो ऐसे छात्रों के उस विषय के सत्रांक भी लेटर पेड पर प्रमाणित कर पृथक से **अनिवार्यतः बोर्ड को भिजवाये।**
12. **शाला प्रधान निर्धारित समयावधि में ही ऑनलाईन सत्रांक LOCK करके Print Sessional Mark ऑप्शन द्वारा प्रिन्ट की गई प्रति को प्रमाणित कर पृथक लिफाफे में रखकर अनिवार्यतः बोर्ड को भेजें तथा आठवीं बोर्ड की प्रमाणित अप्रूव्ड प्रति संबंधित डाईट कार्यालय में जमा करावें।**

सचिव